शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 30.11.2024

“थाना कोतवाली द्वारा विभिन्न अभियोगों में बरामद नाजायज अंग्रेजी/देशी शराब कुल 2540 ली0 का किया गया विनिष्टीकरण”

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहांपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली द्वारा वर्ष 2022,2023,2024 के दौरान थाने पर पंजीकृत आबकारी अभियोगों में बरामद अंग्रेजी/देशी शराब का किया विनिष्टीकरण।

थाना कोतवाली में आबकारी अधि0 के अंतर्गत वर्ष 2022,2023,2024 के कुल 119 अभियोगों में बरामद कुल 2540 ली0 नाजायाज अंग्रेजी/देशी शराब बरामद किये गये थे उक्त अभियोग में बरामद शराब जो थाना कोतवाली के मालखाने में रखी थी से दुर्गंध आ रही थी और वातावरण प्रदूषित हो रहा था एंव अधिक समय व्यतीत होने पर उनके गैस में परिवर्तित होने की संभावना बनी रहती थी जिससे थाना परिसर में महमारी फैलने की आशंका थी तथा साथ ही इस सम्बन्ध में श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय उ0प्र0 लखनऊ के माल निस्तारण के सम्बन्ध में भी निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली द्वारा मालों के निस्तारण के सम्बन्ध में अभियान भी चलाया जा रहा है उक्त आदेश के क्रम में थाना कोतवाली पर पंजीकृत वर्ष 2022,2023,2024 के कुल 119 आबकारी अधि0 के अभियोगों में बरामद नाजायज अंग्रेजी/देशी शराब को विनिष्टिकरण हेतु रिपोर्ट मा0 न्यायालय प्रेषित की गयी थी। मा0 न्यायालय के आदेशानुसार आज दिनांक 30.11.2024 को उपरोक्त समस्त अंग्रेजी/देशी शराब को थाना कोतवाली परिसर में गढ्ढा खुदवाकर समस्त अंग्रेजी/देशी शराब कुल 2540 ली0 को कमेटी के सदस्य 1. क्षेत्राधिकारी नगर महोदय 2. जिला आबकारी निरीक्षक जनपद शाहजहांपुर 3. प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर के समक्ष वीडियों बनवाकर नियमानुसार नष्ट किया गया।